# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 2070 / 2022 दिनांक: 26 अगस्त, 2022

शीर्ष प्राथमिकता / समयवद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट **ABACUS-UP** पोर्टल पर अपलोड डाटा के माध्यम से कार्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, वाराणसी के पत्र संख्या–क्षे0का0वा0 / 1357–62 / 2022–23, दिनांकः 24 अगस्त, 2022(संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से ABACUS-UP पोर्टल पर महाविद्यालय से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्रांकः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 1289 / 2022, दिनांकः 21 जून, 2022 तथा जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 1675 / 2022, दिनांकः 26 जुलाई, 2022 तथा पत्र संख्या– जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 1289 / 2022, दिनांकः 21 जून, 2022 तथा जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 1703 / 2022, दिनांकः 29 जुलाई, 2022 द्वारा निर्देश जारी किये गये थे, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा ABACUS-UP पोर्टल पर सम्बन्धित प्रविष्टियाँ अपलोड किये जाने में उदासीनता वरती जा रही है, जिससे शासन द्वारा गहरा असन्तोष व्यक्त किया जा रहा है तथा यह निर्देशित किया गया था कि दिनांकः 31 जुलाई, 2022 तक प्रत्येक दशा में अपलोड कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में प्रवेश प्रक्रियाएँ बाधित रहेंगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

अतः ऐसे महाविद्यालय जिन्होंने अभी तक ABACUS-UP पोर्टल पर प्रविष्टियाँ अपलोड नहीं किये हैं, उन्हें अन्तिम अवसर के रूप में निर्देशित किया जाता है कि वे प्रत्येक दशा में अधिकतम 02 दिनों के भीतर **ABACUS-UP** पोर्टल पर वांछित प्रविष्टियाँ अपलोड कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा सत्र 2022–23 में प्रवेश कदापि न लिये जाँय। अगर किसी महाविद्यालय द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो प्रवेश आदि की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी, वाराणसी।
5. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लाग–इन पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

कार्यक्षेत्रीय मण्डल – वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर।
कार्यक्षेत्रीय जनपद – वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र।
**कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।**
डी0 57/53, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन नं0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns001@gmail.com Website-www.theovns.co.in

पत्रांक : क्षे0का0वा0/1357–62/2022–23, दिनांक : 24/08/2022

अनुस्मारक–4

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय,
क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी।

*विषय:–प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट ABACUS-UP पोर्टल पर अपलोड डाटा के माध्यम से कार्य किये जाने के सम्बन्ध में।*

महोदय,

उपर्युक्त विषय से सम्बन्धित आप कृपया इस कार्यालय के पत्रांक क्षे0का0वा0/108–11/2022–23, दिनांक 19.04.2022, पत्रांक क्षे0का0वा0/2021–26/2022–23, दिनांक 29.04.2022 एवं पत्रांक क्षे0का0वा0/1042–48/2022–23, दिनांक 20.07.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शासन के पत्र संख्या 1013/सत्तर–3–2022, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ, दिनांक 19.04.2022, जो प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट ABACUS-UP पोर्टल पर डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया था।

शासन के उक्त पत्र के अनुपालन में इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से उक्त शासन के पत्र में दिये गये निर्देश के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए इस कार्यालय को विलम्बतम् दिनांक 10.08.2022 तक अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया था।

उपरोक्त दिये गये निर्देशों का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किये जाने के कारण आज दिनांक 24 अगस्त, 2022 को विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आहूत की गयी, जिसमें उपरोक्त कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए खेद प्रकट किया गया है।

उक्त बैठक में उक्त कार्य के सम्पन्न होने सम्बन्धी उपलब्ध आंकड़ों के कम में यह निर्देश दिया गया कि अधिकतम् महाविद्यालय द्वारा उक्त पोर्टल पर पंजीकरण की कार्यवाही करते हुए महाविद्यालय से सम्बन्धित वांछित डाटा अपलोड करके बीच में ही प्रकिया को छोड़ दिया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

अतः शासन से प्राप्त निर्देश के कम में आपको पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि उक्त पोर्टल पर पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए महाविद्यालय से सम्बन्धित वांछित डाटा अपलोड कर कृत कार्यवाही से अधिकतम दो दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा उक्त के संदर्भ में यह भी निर्देश दिया जाता है कि माह अगस्त–2022 के वेतन के साथ इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय कि उक्त पोर्टल पर पंजीकरण एवं वांछित डाटा अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त न होने की दशा में सम्बन्धित महाविद्यालय का वेतन बाधित कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

भवदीय,
24/8/22

डॉ0(ज्ञान प्रकाश वर्मा)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

*पृ0सं0– क्षे0का0वा0/ /2022–23, तद्दिनांक।*

*प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।*

1. *विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।*
2. *शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उ0प्र0, प्रयागराज।*
3. *कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।*
4. *प्रबंधक, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।*
5. *डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, बादलपुर।*

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।